संख्या -82-21-उर्दू -1-2020(213/2019)

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार,

प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
स्व०फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल समिति,

विभूति खण्ड,गोमती नगर,
लखनऊ।

भाषा (उर्दू) अनुभाग-1 लखनऊ:दिनांक 24 अप्रैल ,2020

विषयः वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए स्व०फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल समिति के वेतन भत्तों,मानदेय इत्यादि हेतु प्रथम एवं अंतिम किस्त की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय उ०प्र०,स्व०फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल समिति को वेतन भत्ते,मानदेय इत्यादि के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राविधानित अनुदान के सापेक्ष रु० 59.38 लाख (रूपये उनसठ लाख अड़तिस हज़ार मात्र) की धनराशि व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय केवल वेतन भत्तों, मानदेय इत्यादि के अतिरिक्त किसी भी नयी मदों,सेवाओं तथा योजनाओं पर व्यय के लिए न किया जाय तथा अवमुक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण-पत्र दिनांक 30 सितम्बर,2020 तक शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

2- स्वीकृत धनराशि कोषागार से एक मुश्त आहरित नहीं की जायेगी बल्कि आवश्यकतानुसार कोषागार से आहरित की जाय और नियमानुसार सक्षम अधिकारी की अनुमति से व्यय की जायेगी तथा बिल आहरण वितरण अधिकारी,भाषा विभाग द्वारा, प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

3- उपर्युक्त अनुदान पर वही नियम लागू होंगे जो वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के अध्याय-16-ए में दिये गये है। इसके अतिरिक्त वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सॅख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020 दिनांक 24 मार्च ,2020 तथा स्थायी मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों तथा बजट मैनुअल का पालन सुनिश्चित किया जाये।

4- उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि रु०59.38 लाख (रूपये उनसठ लाख अड़तिस हज़ार मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक अनुदान संख्या -039 के लेखा शीर्षक -2020-सामान्य शिक्षा -05 –भाषा विकास -120- 102-आधुनिक भारतीय भाषाओँ तथा साहित्य का संवर्धन -07- स्व०फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल समिति को अनुदान-31-सहायता अनुदान –सामान्य (वेतन) के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020 दिनांक 24 मार्च, 2020 के प्रस्तर-2(5) के अनुक्रम में जरी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

जितेन्द्र कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या -82/21-उर्दू -1-2020(213/2019)तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/ द्वित्तीय ,उ०प्र० प्रयागराज।

2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम/ द्वित्तीय ,उ०प्र० प्रयागराज।

3- निदेशक,स्थानीय निधि लेखा परीक्षा,उ०प्र० प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल के लेखों का सम्परीक्षण प्रतिवेदन शासन को यथासमय भेजने का कष्ट करें।

4- -कोषाधिकारी,कलेक्ट्रेट ,लखनऊ।

5- आहरण एवं वितरण अधिकारी,भाषा विभाग,उ०प्र० शासन।

6- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, उ०प्र० हिंदी संस्थान, लखनऊ।

7- वित्त(व्यय-नियन्त्रण)अनुभाग-7/

8- वित्त(आय-व्ययक)अनुभाग-1

9-भाषा उर्दू अनुभाग-4

10-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(आदया दत्त त्रिपाठी)
अनुसचिव (भाषा)

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।